महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

NH-15, Jaiselmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA

क्रमांक : प.02 (06– II, Pract.) मगसिंविबी / परीक्षा / गोपनीय / 2026 / 837-47 दिनांक : 26/05/2026

1. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
2. प्राचार्य,समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

विषयः– एल.एल.बी. स्नातक (वार्षिक स्कीम) की प्रायोगिक परीक्षा 2026 आयोजित करवाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा **एल.एल.बी. स्नातक (वार्षिक स्कीम) की प्रायोगिक परीक्षा 2026 दिनांक 27.05.2026 से दिनांक 03.06.2026 तक की अवधि निर्धारित की जाती है।** आपके विभाग / महाविद्यालय में नियुक्त वाह्य परीक्षकों का पैनल विभाग / महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। **प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन में निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखें** :–

- प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने हेतु वाह्य परीक्षक को स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित कर अथवा उपलब्ध मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर वार्ता अनुसार प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण करें। परीक्षा आयोजन के लिए दिनांक का निर्धारण वाह्य परीक्षक की सहमति से किया जाना है।
- वाह्य परीक्षक से सम्पर्क नहीं होने अथवा परीक्षक द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर वैकल्पिक व्यवस्था हेतु विभाग / महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध सम्बन्धित विषय के संयोजक (Convener) / अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क कर नवीन परीक्षक का रजिस्ट्रेशन करें। नवीन परीक्षक के रजिस्ट्रेशन उपरान्त इसकी सूचना ई–मेल के द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।
- उक्त प्रक्रिया के अतिरिक्त विभाग / महाविद्यालय स्तर पर की गई वाह्य परीक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था स्वीकार नहीं की जावेगी।
- विभाग / महाविद्यालय में पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा उपर्युक्त निर्धारित अवधि में ही आयोजित करावें। विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना निर्धारित अवधि के पश्चात् विभाग / महाविद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा मान्य नहीं होगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों की अंक सूची प्रिंट कर एक प्रति विश्वविद्यालय (University Copy) में भिजवाए तथा एक प्रति विभाग / महाविद्यालय (Principal Copy) में सुरक्षित रखें।
- प्रायोगिक परीक्षा की प्रत्येक अंक सूची पर वाह्य परीक्षक एवं आन्तरिक परीक्षक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
- प्रायोगिक परीक्षा हेतु जिन परीक्षार्थियों के रोल नं. जारी नहीं हुए हैं, ऐसे पात्र परीक्षार्थियों (Additional/New Student/Batch Transfer Candidate) के उपलब्ध विवरण को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर में इंद्राज करते हुए (यथा रोल नं., पिता का नाम, फॉर्म नं.) प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन पत्र की जॉच के दौरान परीक्षार्थी के अपात्र पाए जाने की स्थिति में उसकी प्रायोगिक परीक्षा निरस्त कर दी जावेगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की निर्धारित अवधि उपरान्त अलग से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित नहीं करावें।
- वाह्य परीक्षकों का पैनल अति गोपनीय है। अतः विभागाध्यक्ष / प्राचार्य इसकी गोपनीयता बनाए रखें।
- आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि भी ऑनलाईन ही की जानी है। इस हेतु विभाग / महाविद्यालय पोर्टल पर बैच उपलब्ध करवा दिये गये है। **निर्धारित अवधि उपरांत आंतरिक मूल्यांकन के अंक स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**
- प्रायोगिक परीक्षा ऑनलाईन करवाने के सम्बंध में किसी प्रकार की कोई तकनीकी कठिनाई आने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर (9460713090 7230068203) से सम्पर्क करें। समाधान न होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क किया जा सकता है।

(प्रो. राजाराम चोयल)
परीक्षा नियंत्रक

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY
राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
NH-15, Jaiselmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA

क्रमांकःप.02 (06–11, Pract.) 'मगसिंविबी/गोपनीय/2026/ दिनांक :

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, कुलगुरु, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक, कुलसचिव, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. वरिष्ठ निजी सहायक–वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. अति. कुलसचिव (शैक्षणिक–II), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. आहरण एवं वितरण अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
7. तकनीकी फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार बैच खोलने की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
8. रक्षित पत्रावली।

(रजत भटनागर)
सहा0 कुलसचिव (गोप.)

Scanned with OKEN Scanner